फा.सं.12/1/2018-प्रशासन भाग-1
भारत सरकार
संसदीय कार्य मंत्रालय

93, संसद भवन,
नई दिल्ली-110001
तारीख:18.07.2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय: संसदीय कार्य मंत्रालय के संबंध में जून, 2022 माह का मासिक सार।

मुझे इसके साथ जून, 2022 माह के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय के मासिक सार की प्रति भेजने का निदेश हुआ है।

(किरण कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
011-23034467

संलग्नक: यथोपरि

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य।
2. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को भी प्रेषित:-

1. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाऊस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली।
2. भारत के राष्ट्रपति जी के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
3. भारत के उप-राष्ट्रपति जी के सचिव, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली।
4. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत सरकार के सचिव।
6. संसदीय कार्य मंत्री के निजी सचिव/विशेष कार्याधिकारी।
7. संसदीय कार्य राज्य मंत्रियों के निजी सचिव।
8. सचिव/अपर सचिव के निजी सचिव।

**भारत सरकार**

**संसदीय कार्य मंत्रालय**

**विषय: जून, 2022 माह के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय का मासिक सार।**

**1.** माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय/प्रमुख उपलब्धियां:

- **संसदीय कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति की बैठक**

संसदीय कार्य संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति ने सोमवार, 13 जून, 2022 को हुई अपनी बैठक में मानसून सत्र, 2022 को बुलाने के संबंध में इस मंत्रालय के 13 जून, 2022 के नोट संख्या 04/2022 पर विचार किया और अनुमोदित किया कि संसद के दोनों सदनों को मानसून सत्र, 2022 के लिए सोमवार, 18 जुलाई, 2022 से बुलाया जाए तथा सरकारी कार्य की आवश्यकताओं के अधीन रहते हुए शुक्रवार, 12 अगस्त, 2022 को सत्र का समापन किया जा सकता है।

- **संसद में आश्वासनों का कार्यान्वयन**

वर्ष 1956 से मई, 2022 तक लोक सभा के संबंध में कुल 98193 आश्वासन और राज्य सभा के संबंध में कुल 57527 आश्वासन निकाले गए। इनमें से लोक सभा के संबंध में 1200 आश्वासन और राज्य सभा के संबंध में 725 आश्वासन लंबित हैं।

जून, 2022 माह के दौरान लोक सभा और राज्य सभा की कार्यवाहियों में से कोई आश्वासन नहीं निकाला गया।

- **परामर्शदात्री समितियों का कार्यचालन**

संसद सदस्यों को सरकार के कार्यचालन की कुछ झलक प्राप्त करने का अवसर प्रदान करने के लिए भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों हेतु अनौपचारिक परामर्शदात्री समितियों का गठन पहली बार वर्ष 1954 में किया गया था। इन समितियों की प्रकृति केवल परामर्श देने की है। वर्तमान में विभिन्न मंत्रालयों के लिए 39 परामर्शदात्री समितियां कार्य कर रही हैं।

जून, 2022 माह के दौरान-

(क) परामर्शदात्री समितियों की 05 बैठकें आयोजित की गईं।

(ख) माह के दौरान सरकार द्वारा विभिन्न परामर्शदात्री समितियों पर 01 संसद सदस्य का नामांकन किया गया।

उपरोक्त से संबंधित विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

- **लोक सभा में नियम 377 के अंतर्गत और राज्य सभा में विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामलों पर अनुवर्ती कार्रवाई**

भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के पक्ष में लोक सभा में नियम 377 के अंतर्गत और राज्य सभा में नियम 180ए-ई के अंतर्गत विशेष उल्लेखों में उठाए गए मामलों की स्थिति निम्न प्रकार से है:

| | **माह के दौरान लोक सभा में नियम 377 के अंतर्गत उठाए गए मामले** | **माह के दौरान राज्य सभा में नियम 180ए-ई के अंतर्गत विशेष उल्लेख से उठाए गए मामले** |
|---|---|---|
| 01.06.2022 को लंबित मामले | 267 | 192 |
| जून, 2022 के दौरान उठाए गए मामले | 000 | 000 |
| कुल लंबित मामले | 267 | 192 |
| जून, 2022 के दौरान प्राप्त उत्तर | 113 | 051 |
| शेष मामले | **154** | **141** |

- **युवा संसद योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित करना**

माह के दौरान, राष्ट्रीय युवा संसद योजनाओं में प्रतिभागिता हेतु 205 विद्यालयों के पंजीकरणों की समीक्षा की गई और इनमें से 120 विद्यालयों के पंजीकरणों को अनुमोदित किया गया और एक विद्यालय का पंजीकरण अस्वीकृत किया गया। शेष 84 विद्यालयों से पंजीकरण के लिए अतिरिक्त सूचना मांगी गयी है। माह के दौरान, 26 कार्यक्रम आयोजित किए गए और 956 छात्रों ने भाग लिया।

- **राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा)**

जून, 2022 माह के दौरान, नेवा संबंधी निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित की गईं:-

**1. आभासी प्रशिक्षण कार्यक्रम**

क) 2-3 जून, 2022 को गुजरात विधानसभा के लिए दो दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। सीपीएमयू द्वारा अधिकारियों को नेवा के विभिन्न मॉड्यूल्स के बारे में जानकारी दी और उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।

**2. मेघालय विधानसभा के लिए चरण-II की कार्यशाला**

क) मेघालय विधानसभा ने सीपीएमयू, संसदीय सौध, नई दिल्ली में 15-17 जून, 2022 तक आयोजित दूसरे चरण की प्रशिक्षण कार्यशाला के लिए अपने कुछ अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया था। इस दौरे के दौरान, अधिकारियों को नेवा के सभी मॉड्यूल्स का प्रशिक्षण दिया गया और इन मॉड्यूल्स पर काम करने का अभ्यास भी कराया गया।

**3. अधिकारप्राप्त समिति की बैठकें**

क) गुजरात विधानसभा के लिए नेवा परियोजना को मंजूरी देने के लिए 24 जून, 2022 को डिजिटल विधानमंडल के लिए राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) की अधिकार प्राप्त समिति की 9वीं आभासी बैठक आयोजित की गई। अध्यक्ष, (सचिव, संसदीय कार्य मंत्रालय) ने गुजरात विधानसभा के लिए ₹13,06,13,200/- की परियोजना राशि को उनके द्वारा की जा रही अनुपूरक मांग और उस पर नियमानुसार विचार करने के अधीन रहते हुए अनुमोदित किया।

क) झारखंड विधानसभा के लिए नेवा परियोजना को मंजूरी देने के लिए 29 जून, 2022 को डिजिटल विधानमंडल के लिए राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) की अधिकार प्राप्त समिति की 10वीं आभासी बैठक आयोजित की गई। अध्यक्ष, (सचिव, संसदीय कार्य मंत्रालय) ने झारखंड विधानसभा के लिए ₹8,02,48,250/- की परियोजना राशि को अनुमोदित किया।

**4. राज्य सभा की सूचना और संचार प्रौद्योगिकी संबंधी समिति का चैन्नई, हैदराबाद और गोवा का अध्ययन दौरा**

क. राज्य सभा की सूचना और संचार प्रौद्योगिकी संबंधी समिति ने श्री तिरुचि शिवा (माननीय संसद सदस्य) की अध्यक्षता में 1 जुलाई, 2022 से 5 जुलाई, 2022 तक संसदीय कार्य मंत्रालय के अधिकारियों के साथ अध्ययन दौरा किया गया।

ख. समिति ने फाइल सं.1./12/2020-नेवा-I/17995/2022 76 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से संबंधित पहलुओं और तमिलनाडु विधानसभा, तेलंगाना विधानसभा और गोवा विधानसभा में भाषण से पाठ और पाठ से अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में पाठ आदि जैसे मशीनी अनुवाद और द्विभाषिकता में इसके उपयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए नेवा के तहत उपलब्ध सुविधाओं पर चर्चा की।

**5. सीपीएमयू द्वारा किए गए विभिन्न कार्य**

क. हैदराबाद में आपदा बहाली (डिजास्टर रिकवरी) सर्वर स्थल की प्रक्रियात्मक स्थापना के लिए, 7 जून, 2022 को एक आभासी बैठक आयोजित की गई। बैठक में हितधारकों के बीच डीआर साइट की विभिन्न संभावनाओं पर चर्चा की गई।

ख. नेवा के लिए डेटा सेंटर की स्थापना के लिए 9 जून, 2022 को एक आभासी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान हितधारकों की सहायक और स्थापना भूमिकाओं पर चर्चा की गई।

ग. ओडिशा विधानसभा की मांग पर, 21 जून, 2022 को नेवा से संबंधित विभिन्न तकनीकी मुद्दों पर चर्चा के लिए एक आभासी बैठक आयोजित की गई। ओडिशा विधानसभा ने अपनी तकनीकी समस्याओं के बारे में बताया जिन्हें सीपीएमयू दल द्वारा लगातार हल किया जा रहा है।

घ. हरियाणा विधानसभा ने प्रश्नों/नोटिस/विधेयकों के प्रवाह में परिवर्तन का अनुरोध किया है। उनके अनुरोध को पूरा करने के लिए सीपीएमयू दल अपना सहयोग प्रदान कर रहा है।

ड. सीपीएमयू दल ने नेवा सार्वजनिक पोर्टल पर राज्य विशिष्ट लोगो जोड़ने की नई सुविधा को अपडेट किया है।

2. लंबे समय तक अंतर-मंत्रालयी परामर्श के कारण रूके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत मामले।

-शून्य-

3. तीन महीने से अधिक समय से लंबित "अभियोजन की मंजूरी" के मामलों की संख्या।

-शून्य-

4. उन मामलों का विवरण जिनमें कार्य निष्पादन नियमों या सरकार की स्थापित नीति से विचलन शामिल रहा।

-शून्य-

5. चालू स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति)।

गतिविधियां चल रही हैं और उनकी निगरानी की जा रही है।

6. स्वायत्त निकायों के युक्तिकरण की स्थिति।

इस मंत्रालय के अधीन कोई स्वायत्त निकाय नहीं हैं।

7. अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित टोल के उपयोग तथा शासन और विकास में अनुप्रयोग हेतु उठाए गए विशिष्ट कदमों की जानकारी।

-लागू नहीं-

8. स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर की नियुक्तियों की रिक्ति स्थिति।

मंत्रालय में सभी वरिष्ठ स्तर के पद वर्तमान में भरे हुए हैं।

9. उन मामलों की सूची जिनमें एसीसी के निर्देशों का पालन नहीं किया गया है।

-शून्य-

10. माह के दौरान स्वीकृत एफडीआई प्रस्तावों का विवरण और मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन की प्रतीक्षा में एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति।

-शून्य-

**अनुबंध-I**

## जून, 2022 माह में आयोजित परामर्शदात्री समितियों की बैठकों की सूची

| क्र.सं. | दिन, तारीख और समय | मंत्रालय | विषय | स्थान / टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शनिवार, 18 जून, 2022 पूर्वाह्न 11:00 बजे | विदेश | श्रीलंका की स्थिति | सम्मेलन कक्ष सं.1, जवाहरलाल नेहरू भवन, जनपथ, नई दिल्ली। |
| 2. | शनिवार, 25 जून, 2022 पूर्वाह्न 11:00 बजे | गृह | (i) आपदा प्रबंधन; और (ii) फोरेंसिक विज्ञान क्षमता: समय पर तथा वैज्ञानिक जांच के लिए सुदृढ़ीकरण | केवडिया, गुजरात |
| 3. | मंगलवार, 28 जून, 2022 पूर्वाह्न 11:00 बजे | पंचायती राज | सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) का स्थानीयकरण- राज्यों/ पीआरआई की भूमिका | समिति कक्ष घ, संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 4. | बुधवार, 29 जून, 2022 अपराह्न 3:00 बजे | कोयला और खान | कोयला खदानों को बंद करना, सभी के लिए उचित पारगमन अर्जन। | समिति कक्ष घ, संसदीय सौध, नई दिल्ली **स्थगित** |
| 5. | गुरूवार, 30 जून, 2022 पूर्वाह्न 10.00 बजे | मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी | मत्स्यपालन और जल कृषि में नई तकनीक को अपनाना | समिति कक्ष ग, संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 6. | गुरूवार, 30 जून, 2022 दोपहर 12:30 बजे | जल शक्ति | अटल भू-जल योजना और जल शक्ति अभियान के साथ भू-जल पुनर्भरण | मैसूर/बैंगलूरू, कर्नाटक |

**जून, 2022 माह के दौरान विभिन्न परामर्शदात्री समितियों पर नामांकित संसद सदस्य:**

| **क्र.सं.** | **सांसदों का नाम** | **सीसी का नाम जिसमें वे नामांकित हैं** | **अभियुक्ति** |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री पबित्र मार्गेरिटा,<br>संसद सदस्य (राज्य सभा) | सूचना और प्रसारण मंत्रालय | 06.06.2022<br>को नामित |